जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, ऊधम सिंह नगर

कार्यक्रम का नाम –जिला संदर्भ समूह गणित कार्यशाला
विभाग का नाम –जिला संसाधन एकक विभाग
कार्यक्रम समन्वयक का नाम – श्री मुकुल कुमार पाल(प्रवक्ता), श्री कौशल त्रिपाठी(प्रवक्ता)
प्रतिभागी का विवरण –जनपद ऊधम सिंह नगर के विभिन्न विकासखण्डो से गणित विषय के शिक्षक।
प्रतिभागियों की संख्या – (27) महिला–(05) पुरूष–(22)
आयोजन की तिथि/अवधि – 08/10/2025 से 09/10/2025
कार्यक्रम व्यय – रू0 29,364/–
कार्यक्रम की उपलब्धि/संक्षिप्त आख्या –AWP के अन्तर्गत प्रस्तावित जिला संदर्भ समूह गणित कार्यशाला का आयोजन डायट ऊधम सिंह नगर में दिनांक 08/10/2025 से 09/10/2025तक किया गया। दो दिवसीय DARG गणित कार्यशाला का शुभारम्भ जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ऊधम सिंह नगर के प्राचार्य डा0 अजंता बिष्ट के उदबोधन के साथ हुआ। गणित कार्यशाला में विभिन्न गणितीय अवधारणाओं को सरल, रोचक एवं गतिविधि. आधारित तरीकों से प्रस्तुत किया गया। इसमें वर्ग, वर्गमूल, प्रतिशत, लाभ.हानि, साधारण ब्याज, बीजीय व्यंजक तथा सूत्रों के प्रयोग को व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से समझाया गया। प्रतिभागियों ने समूह गतिविधियों, प्रश्नोत्तरी तथा प्रस्तुतीकरण में सक्रिय भाग लिया।
द्वितीय सत्र में गणित शिक्षण को प्रभावी बनाने हेतु टीएलएम (Teaching Learning Material), पेपर फोल्डिंग तथा ज्यामितीय आकृतियों के माध्यम से अवधारणाओं को स्पष्ट किया गया। प्रशिक्षकों ने बच्चों में गणित के प्रति रुचि विकसित करने के लिए खेल एवं गतिविधि.आधारित शिक्षण पर विशेष बल दिया। साथ ही गणित प्रयोगशाला, गणित पार्क तथा विद्यालय स्तर पर नवाचारों के उपयोग पर भी चर्चा की गई।
कार्यशाला के समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों को अपने विद्यालयों में सीखी गई विधियों का प्रभावी उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया तथा प्रशिक्षण प्रमाण.पत्र प्रदान किए गए। इस प्रकार यह कार्यशाला गणित शिक्षण को अधिक सरल, रोचक एवं प्रभावशाली बनाने की दिशा में अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक सिद्ध हुई।

कार्यक्रम की प्रमुख झलकियाँ –